हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

11 प्राथमिक चिकित्सा देकर बचा सकते हैं जिंदगी : दलबीर



11 समाज कल्याण अधिकारी ने नशा मुक्ति केंद्र संचालकों...



**खबर संक्षेप**

### युवक हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मलोट रोड क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 5.64 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि एएसआई पाला राम सहारण पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गोल चौक मंडी डबवाली पर मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने मिली गुप्त सूचना के आधार पर मलोट रोड पुल के नीचे से बाइक सवार युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 5.64 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### सिटी थाने के पास कार में बेसुध मिला व्यक्ति

**फतेहाबाद।** शहर में सिटी थाने से कुछ ही दूरी पर वीरवार को एक व्यक्ति कार में बेसुध अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों ने व्यक्ति को बेसुध देखकर पुलिस व एम्बुलेंस के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दी। साथ ही उस पर पानी की छींटे डाले। इसके बाद वह होश में आया। इसी बीच एक राहगीर ने सिटी थाने में जाकर भी सूचित किया। इसके बाद सिटी थाने और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति से पूछताछ की।

### हादसे में युवती की मौत, तीन घायल

**सिरसा।** हिसार रोड सिरसा बाईपास पर कार और बुलेट की आपस में हुई टक्कर में एक युवती की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। सदर थाना पुलिस से जांच अधिकारी एएसआई जगदीश चंद्र से मिली जानकारी के अनुसार मृतक 20 वर्षीय युवती राजदीप कौर सिरसा शहर में किसी दुकान पर काम करती थी। युवती बाइक सवार युवक से लिफ्ट लेकर जा रही थी। युवक एनएच-9 पर गलत दिशा में बाइक चला था। उसी दौरान कार और बाइक की आपस में टक्कर हो गई।

### साइक्लोथॉन की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा ड्रग्स फ्री हरियाणा के तहत प्रदेश को नशा मुक्त बनाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए 5 अप्रैल से 27 अप्रैल तक साइक्लोथॉन 2.0 नामक साइकिल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा जिला फतेहाबाद में 25 अप्रैल को प्रवेश करेगी। यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए अतिरिक्त उपायुक्त एवं साइक्लोथॉन 2.0 के नोडल अधिकारी अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में 4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### अर्धवार्षिक रात्रि जागरण 11 अप्रैल को

**सिरसा।** श्री संकटमोचक मारूति मंदिर में शुक्ल पक्ष चौदस के मौके पर आगामी 11 अप्रैल को रात्रि अर्धवार्षिक जागरण होगा जिसमें बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। मंदिर के संचालक पंडित पवन शर्मा ने बताया कि जागरण में भजन गायक विनोद मित्तल, नरेंद्र सैन, उग्रसेन सिहाग, सरदार मनदीप सिंह, मोहित सोनी, अनिल शर्मा व देव म्यूजिकल ग्रुप मधुर वाणी से बाबा का गुणगान करेंगे।

### नाबालिग को भगाने के मामले में आरोपी दबोचा

**डबवाली।** गोरीवाला चौकी पुलिस ने नाबालिगा को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान प्रेम कुमार पुत्र दलबीर सिंह निवासी मटदादू के रुप में हुई है। गोरीवाला चौकी पुलिस प्रभारी एएसआई जयवीर ने बताया कि बीती 16 मार्च को पीड़िता के पिता के बयान पर कि उसकी नाबालिग लडक़ी को आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने पर मामला दर्ज किया गया था।


### फतेहाबाद के अर्पित का एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में चयन

**फतेहाबाद।** द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद के बॉक्सर अर्पित बिश्नोई ने रोहतक में चल रही नेशनल ट्रायल प्रतियोगिता में अपने भार वर्ग में अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई। बॉक्सिंग क्लब के सीनियर कोच प्रदीप सैनी ने बताया कि अर्पित बिश्नोई अब 17 अप्रैल से 1 मई तक जॉर्डन साउथ अफ्रीका में आयोजित होने वाली एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत की टीम से खेलेगा। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद से पुरुष कैटेगिरी में अर्पित पहला खिलाड़ी है, जो इंटरनेशनल लेवल पर खेलेगा। अर्पित की इस उपलब्धि पर अर्जुन अवॉर्डी ओलम्पियन डीएसपी जयभगवान, इंटरनेशनल कोच डा. राजीव गोदारा, प्रदीप सैनी व प्रवीण कुमार ने बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## नवरात्रों पर मंदिरों में उमड़ी भीड़, आकर्षक लाइटिंग से जगमगाया दुर्गा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नवरात्र के पांचवें दिन वीरवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की गई। फतेहाबाद के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जीटी रोड स्थित श्री दुर्गा मंदिर, शिव चौक स्थित श्री रघुनाथ मंदिर, तहसील चौक स्थित श्री श्याम मंदिर, माजरा रोड स्थित देवी मंदिर, बत्रा कालोनी स्थित हनुमान मंदिर व मॉडल टाऊन स्थित गीता मंदिर के अलावा सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर माता के जयकारों से गूंजायमान रहा। भक्तों ने परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की और मन्नतें मांगी। स्कंदमाता को कार्तिकेय की माता के रूप में जाना जाता है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजमान हैं। वे कमल के आसन पर विराजित रहती हैं। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा से भक्तों को अद्भुत शक्ति की प्राप्ति होती है और सभी संकट दूर होते हैं। नवरात्रों पर जीटी रोड स्थित दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन सुबह माता की पूजा अर्चना व शाम को दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है। 6 अप्रैल को रामनवमी पर इसका समापन होगा। 5 अप्रैल की रात को यहां भव्य जागरण होगा। 6 अप्रैल को प्रातः 9 कुण्डीय हवन यज्ञ के साथ नवरात्रों का समापन होगा। इसके अलावा अशोक नगर स्थित श्री चण्डी माता मंदिर में माता सत्यम् देवा द्वारा प्रतिदिन नव चण्डी हवन यज्ञ किया जा रहा है। नीलकंठ मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, श्री वैष्णो देवी पिंडी मंदिर, गौरीशंकर मंदिर व संन्यास आश्रम मंदिर सहित अनेक मंदिरों में प्रतिदिन सुबह-शाम मां की पूजा अर्चना हो रही है।



**फतेहाबाद।** नवरात्रों को लेकर सजा दुर्गा मंदिर। फोटो :हरिभूमि

### राम नवमी पर होगा 31 कुण्डीय महायज्ञ, 108 दंपति बनेंगे यजमान

**फतेहाबाद।** विश्व हिंदू परिषद जिला फतेहाबाद की ओर से राम नवमी और हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में 31 कुण्डीय श्रीराम कृपा वृष्टि महायज्ञ किया जाएगा। यह यज्ञ 6 अप्रैल रविवार को वेस्टएंड सिटी, सेक्टर-11 ए, मिनी बाइपास, नया सिटी पुलिस स्टेशन के सामने होंगे। इस यज्ञ में शहर के 108 युगल दंपति को यजमान बनाया गया है। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट संदीप टांटिया ने बताया कि महायज्ञ सुबह 7 से 9 बजे तक चलेगा। इसके बाद 9:15 बजे महाआरती होगी। सुबह 9:30 बजे भंडारा शुरू होगा। इस यज्ञ को कराने के लिए 40 से ज्यादा विद्वान ब्राह्मण मौजूद रहेंगे। हवन यज्ञ के बाद महाआरती भी की जाएगी। आयोजन में यजमान बनने के लिए संपर्क किया जा सकता है। विश्व हिंदू परिषद जिला फतेहाबाद ने आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# समाधान शिविर में कम शिकायतें आने पर सीएम ने जिला प्रशासन की लगाई क्लास

▶▶| *मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से फतेहाबाद में आयोजित समाधान शिविर में जुड़े और उपायुक्त से शिकायतें कम आने बारे जवाब मांगा*

▶▶| *प्रतिदिन औसतन 6 से 7 लोग रहे हैं शिकायतें, 95 प्रतिशत का किया समाधान : उपायुक्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को समाधान शिविर में अधिकारियों से पूछा कि समाधान शिविर में इतनी कम शिकायतें क्यों आ रही है। या तो लोग शिकायत करना नहीं चाहते, या फिर वह पूरी तरह संतुष्ट है। उन्होंने कम शिकायतें आने पर हैरानी भी जताई। सीएम ने यह भी पूछा कि समाधान शिविर में कौन-कौन भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित है। तब शिविर में मौजूद भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा व मन की बात कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट भारत भूषण गर्ग ने भी सीएम को फीडबैक दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से फतेहाबाद में आयोजित समाधान शिविर में जुड़े और उपायुक्त से शिकायतें कम आने बारे जवाब मांगा। जवाब में उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन औसतन 6 से 7 लोग अपनी शिकायतें लेकर आ रहे हैं। यहां आने वाली 95 प्रतिशत शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।

सीएम नायब सिंह सैनी ने फीडबैक लेने के लिए समाधान शिविर से ऑनलाइन जुडक़र अब तब आई कुल शिकायतों का ब्यौरा मांगा। जवाब में उपायुक्त ने बताया कि 95 प्रतिशत शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। सीएम ने सवाल किया कि इतनी कम शिकायतें क्यों आ रही हैं। 28 फरवरी तक समाधान शिविर में 2289 शिकायतें आई, जिनमें से 2079 यानि 95 प्रतिशत शिकायतों का समाधान कर दिया गया। बताया गया कि मार्च माह में 18 वर्किंग डे थे, ऐसे में कम लोग ही समाधान शिविर में शिकायत रख पाए। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में ही पूछा कि भाजपा की तरफ से यहां कौन आया है। इस पर वहां मौजूद जनपरिवाद समिति के सदस्य व भाजपा नेता जगदीश शर्मा व एडवोकेट भारत भूषण ने सीएम से बातचीत की। सीएम ने भाजपा नेताओं से पूछा कि क्या वह डेली समाधान शिविर में आ रहे हैं तो जगदीश शर्मा ने बताया कि जाखल चुनाव से पहले वह रोजाना आते थे लेकिन अब कुछ दिन का गैप पड़ रहा है। सीएम ने उन्हें कहा कि वह प्रतिदिन शिविर में भाग लें और शिकायतों का समाधान करवाने में प्रशासन की मदद करें।





**फतेहाबाद।** समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनती उपायुक्त मनदीप कौर।

### गुरुवार को आई 10 शिकायतें

उपायुक्त मनदीप कौर ने समाधान शिविर में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को कोई परेशानी न हो। गुरुवार को 10 शिकायतें प्राप्त हुई। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का उपायुक्त ने संबंधित विभाग को निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत का निवारण करने में किसी भी प्रकार की कौताही न बरते और समय पर शिकायत का निवारण करें। इसके साथ ही संबंधित शिकायत का निवारण होने पर प्रार्थी को भी सूचित किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, नगराधीश गौरव गुप्ता, कष्ट निवारण समिति सदस्य जगदीश शर्मा, भारत भूषण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### सरपंच के खिलाफ कार्रवाई और आवारा कुत्तों के काटने पर मुआवजे की मांग

समाधान शिविर में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समाधान शिविर में कलोठा निवासी बलदेव कुमार ने सरपंच के खिलाफ कार्यवाही करने, बलजिंद्र सिंह ने प्लांट लगाने बारे एनओसी जारी करने, पिरथला निवासी गडसी राम ने संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने, ढाबी कलां निवासी शांति देवी ने पीपीपी में इनकम कम करवाने, ढाणी बिंजा लांबा निवासी कमला ने रास्ता रोक कर मार पिटाई करने वालों पर कार्यवाही करने, काजलहेड़ी निवासी इंद्रपाल ने जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने, भूना निवासी रोहताश ने गली में बिजली के पोल हटवाने, आरके कॉलोनी निवासी मनफूल ने आवारा कुत्तों द्वारा काटने पर मुआवजा देने, अशोक नगर निवासी सोनदेई द्वारा फैक्ट्री मालिक से आर्थिक सहायता दिलवाने, एमपी रोही निवासी कांता बाई ने प्राइवेसी लीक करने बारे संबंधित व्यक्तियों पर कार्यवाही करने बारे शिकायत रखी।

### आमजन की शिकायतों का हो जल्द समाधान: सीएम

**सिरसा।** जिला व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर की आईं शिकायतों पर समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए। मुख्यमंत्री ने उपमंडल डबवाली में समाधान शिविर में आईं शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो शिकायतें लंबित है, उनका जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रतिदिन जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में अधिकारी मौजूद रहना सुनिश्चित करें। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के दौरान डबवाली से हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, भाजपा नेता विजय वधवा, सतीश जग्गा ने भी मुख्यमंत्री के समक्ष सुझाव रखे। उधर, लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने 11 जन समस्याएं सुनीं और उपस्थित अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए।



**सिरसा।** पकड़े गए हेरोइन तस्कर।

### गाड़ी सवार दो युवक करीब 30 लाख की हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने वीरवार को फेंड्स कॉलोनी के पास एक गाड़ी में से 151 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सिरसा यूनिट एएसआई गुरलाल सिंह नेतृत्व में हिसार रोड पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान फ्रेंड्स कॉलोनी के पास बिना नंबर की स्कोर्पियों गाड़ी नजर आई। गाड़ी के पास ही दो युवक खड़े थे। पुलिस की गाड़ी को देखकर दोनों युवक गाड़ी में बैठ गए और गाड़ी स्टार्ट कर भागने की कोशिश करने लगे। एचएनसीबी की टीम ने गाड़ी को घेर कर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो 151 ग्राम हेरोइन मिली। पूछताछ करने पर युवकों की पहचान लखवीर सिंह उर्फ सोनी पुत्र हरदीप सिंह निवासी हिजरावां कलां जिला फतेहाबाद व अनिल कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी काठ मंडी बीघड रोड जिला फतेहाबाद के रूप में हुई।

■ तलाशी ली तो 151 ग्राम हेरोइन मिली

# बिजली की दरों में बढ़ोतरी पर की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली की दरों में की गई बढ़ोतरी की अखिल भारतीय किसान सभा ने कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए इसे मेहनतकश जनता पर नया बोझ करार दिया है। किसान सभा ने प्रदेश सरकार से अपने इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की है। किसान सभा फतेहाबाद के जिला प्रधान विष्णु दत्त ने कहा कि बिजली की दरों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी के साथ ही प्रति किलोवाट के हिसाब से 50 रूपये फिक्स चार्ज भी लगाया गया है। सरकार ने न तो इसका कोई कारण बताया है और ना ही इसका कोई औचित्य बनता है। नगरपालिका, पंचायत और फ्यूल सरचार्ज इसके अतिरिक्त बिजली बिल का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा कि वास्तविक बिल सरकार द्वारा बताई जा रही दरों से कहीं अधिक ही होंगे। प्रदेश सरकार बिजली निगमों के घाटे को इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण बताया जा रहा है जबकि असलियत में सरकार की बिजली नीति इसके लिए जिम्मेदार है। हरियाणा की अपनी बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के बजाय भाजपा सरकार अडाणी और अन्य उत्पादकों से महंगी दरों पर बिजली खरीद कर जनता की कीमत पर निजी कम्पनियों को मालों माल करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्री पेड स्मार्ट मीटर वालों को 5 प्रतिशत छूट की घोषणा भी जनता को भ्रमित करने का ही कदम है।

*बिजली दरों मे बढ़ोतरी की निंदा*



**फतेहाबाद।** किसान सभा की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

# रोडवेज संगठनों के पदाधिकारी 24 घंटे की भूख हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ मांग पूरी नहीं हुई तो करेंगे हड़ताल कड़ा कदम उठाने को होंगे मजबूर

■ मांगो पर सहमति जताने के बाद भी लागू नहीं की गई

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार आज वीरवार को फतेहाबाद डिपो में सांझा मोर्चा में शामिल विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने 24 घंटे की भूख हड़ताल शुरु की। सांझा मोर्चे में शामिल सभी प्रधानों राजू बिश्नोई, विजय नागपुर,अरुण कुमार,शिव कुमार,कुलदीप नैन, हर्ष डारा की अध्यक्षता में की गई भूख हड़ताल में राज्य मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य जयबीर घणघस, अमित महाराणा, चमन स्वामी, मायाराम उनियाल, कुलदीप पाबड़ा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। राज्य मोर्चा नेताओ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 23 जून 2023 व 16 जुलाई 2024 की कर्मचारियों की मांगो को जायज मनाते हुए अनेक मांगो पर सहमति जताई थी ओर लागू करने का भरोसा दिया था। बड़े दुख के साथ बताना पड़ रहा हैं कि मानी गई जायज मांगो के लागू करने के परिपत्र आज तक जारी नही किए गए हैं।जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा हैं।

### अब तक 14,081 एमटी सरसों फसल की आवक

**फतेहाबाद।** जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 11388 मीट्रिक टन सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से 9722 मीट्रिक टन सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इसके साथ ही मंडियों से सरसों फसल के उठान कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक 14081 मीट्रिक टन सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 3478 मीट्रिक टन, भट्टू कलां में 1614 मीट्रिक टन तथा भूना में 8989 मीट्रिक टन शामिल है।

## 35 एकड़ खाली करवाई गई भूमि पर बनाया जाए संग्रहालय या पार्क

# सांसद सैलजा ने लोकसभा में उठाया सिरसा थेहड का मामला

*कुमारी सैलजा ने कहा है कि थेहड़ की 35 एकड़ भूमि को वर्ष 2017 में कब्जा मुक्त करवा लिया गया और वहां रहने वाले 713 परिवारों को हुडा सेक्टर 19 के फ्लैट्स में अस्थायी रूप से इस शर्त पर बसाया गया कि उनके स्थायी आवास की जल्द ही प्रबंध कर दिया जाएगा पर आज तक ऐसा नहीं हुआ*

### केंद्रीय मंत्री पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने वीरवार को लोकसभा में केंद्रीय मंत्री पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मांग की है कि हरियाणा के सिरसा थेहड़ की खाली करवाई गई 35 एकड़ भूमि को ही पुरातत्व विभाग की मानते हुए उक्त स्थान को विकसित कराते हुए वहां पर पार्क या संग्रहालय बनाया जाए, विस्थापित किए गए 713 परिवारों को पुनः विस्थापित किया जाए और शेष बची 50 एकड़ भूमि को डिनोटिफाइड किया जाए। इस भूमि की 70-80 सालों से रजिस्ट्री होती आ रही है। सैलजा ने कहा है कि थेहड़ की 35 एकड़ भूमि को वर्ष 2017 में कब्जा मुक्त करवा लिया गया और वहां रहने वाले 713 परिवारों को हुडा सेक्टर 19 के फ्लैट्स में अस्थायी रूप से इस शर्त पर बसाया गया कि उनके स्थायी आवास की जल्द ही प्रबंध कर दिया जाएगा पर आज तक ऐसा नहीं हुआ। मंत्री एक सवाल के जवाब में साफ कर चुके है कि बजट नहीं है जब बजट होगा तब इस बारे में सोचा जाएगा।



### पुरातत्व विभाग ने 1932 में सूचीबद्ध किया

थेहड़ मामले को रखते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि इस थेहड़ को पुरातत्व विभाग ने 1932 में सूचीबद्ध किया था, इसकी कितनी भूमि है उसके सर्वे को लेकर एक टीम का गठन किया गया था जिसमें पुरातत्व विभाग की ओर से अजायब सिंह, राजस्व विभाग की ओर से पटवारी, नायब तहसीलदार, तहसीलदार आदि शामिल थे। इस टीम ने एक संयुक्त रिपोर्ट उपायुक्त सिरसा को सौंपी जिसमें रिपोर्ट निशानदेही, सर्वे सूची, नजरिया नक्शा और सर्वे नक्शा संलग्न किया गया था। जिसमें पुरातत्व विभाग की 35 एकड़ भूमि बताई गई। वर्ष 2017 में हरियाणा सरकार के कुछ जूनियर प्रशासनिक अधिकारियों की गलती से थेहड़ की 35 एकड़ के बजाए 85.5 एकड़ भूमि दर्शा दी गई। जो 50 एकड़ भूमि दिखाई गई है वह थेहड़ (टीले) के बीचे की है और रानियां रोड पर है, जहां पर करीब पांच हजार परिवार रहते है, इस भूमि पर आवास के साथ साथ व्यवसायिक प्रतिष्ठान है।

स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा

# अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस
# दुनिया के अमेजिंग जू




बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।





## वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *

## दार्जिलिंग चिड़ियाघर



**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के बिर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

## बटरफ्लाई जू

**वर्ष 1988** में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बर्ड्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बर्ड्स को खाना भी खिला सकते हैं।




यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *

## चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरेगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था।



आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *

## लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक



कोआला हैं। यह चिड़ियाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़यिाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *

जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

# विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए
# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्डः स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## बच्चों की आजादी



सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी

शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *




**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**

## जीके क्विज-148

1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद



गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**

## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आस्तिका, चांपा


सार्थक, रायपुर


तमन्ना, कोरबा


वेदिका, बालोद


रितेश, मटियारी


अथर्व, बिलासपुर


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

## रंग भरो 173



बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ी सेंटर से सोलर प्लेट चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव केलनियां स्थित आंगनवाड़ी केंद्र से चोर सोलर सिस्टम की प्लेटें चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में ग्राम सरपंच अंजुबाला ने बताया कि गांव में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर सोलर सिस्टम लगा हुआ था। बीत 1 अप्रेल को स्टाफ सदस्य कमरा बंदकर घर चले गए। देर रात्रि को चोरों ने वहां लगे सोलर सिस्टम की हजारों रुपए की प्लेटें चोरी कर ली।

### घर में सेंध लगाकर नकदी व आभूषण चुराए

**सिरसा।** जिला के गांव माधोसिंघाना में दिन दहाड़े एक बंद पड़े मकान से चोर 10 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण व सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक जाकिर हुसैन ने बताया कि बीती 2 अप्रेल की सुबह वह परिवार सहित शादी में गया हुआ था।

### बेटे को छोड़ने गए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** रेलवे स्टेशन पर अपने बेटे को छोड़ने गए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में अग्रसेन कॉलोनी निवासी महेश कुमार भारती ने बताया कि बुधवार शाम को वह अपने बेटे को स्टेशन पर छोड़ने के लिए गया था। बाइक रेलवे कॉलोनी की ओर खड़ी कर वह स्टेशन पर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### दो सोलर पंपों के स्टार्टर चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव सुरतिया में चोर दो किसानों के खेतों से सोलर के स्टार्टर चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में किसान किशन सिंह ने बताया कि उसने अपने खेतों में सोलर सिस्टम लगाया हुआ है। बीती 1 अप्रेल की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात्रि को चोरों ने खेतों में घुसकर सोलर का स्टार्टर चोरी कर लिया।
यही नहीं चोरों ने साथ लगते किसान गुरपाल सिंह के खेतों में लगे सोलर का भी स्टार्टर चोरी कर लिया। सुबह जब वे खेतों में गए तो उन्हें घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### इंपाउंड वाहनों की पुलिस करवाएगी नीलामी

**सिरसा।** यातायात पुलिस की ओर से वर्ष 2023-2024 में वाहन चेकिंग के दौरान नियमों की अवहेलना करने के मामले में सैकड़ों वाहनों को इंपाउंड किया गया, लेकिन अभी तक वाहन मालिकों ने अपने वाहनों को छुड़वाने की जहमत नहीं उठाई है। जयातायात थाना प्रभारी ने बताया कि अब यदि आगामी एक सप्ताह के अंदर मालिकों ने अपने वाहनों को नहीं छुड़वाया तो वाहनों की नीलामी करवाने की कार्रवाई उमल में लाई जाएगी।

### डंडे से हमला कर बाइक सवार से छीना मोबाइल

**सिरसा।** गांव टप्पी में पान्ना रोड पर बाइक सवार दो युवक ने एक व्यक्ति से डंडा मारकर मोबाइल छीन ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव टप्पी निवासी तरमिंदर शर्मा ने बताया कि बीते बुधवार देर शाम गांव पान्ना से पूजा पाठ करने उपरांत बाइक पर सवार होकर अपने गांव टप्पी लौट रहा था। रास्ते में गांव टप्पी के समीप बाइक सवार नकाबपोश दो युवक खडे थे, जिनके पास डंडा था। उक्त युवकों ने उसका बाइक रुकवा लिया और उस पर डंडे से वार कर मोबाइल छीनकर गांव पान्ना की ओर फरार हो गए।

### राजकीय स्कूल का प्रवेशोत्सव मनाया

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखां में प्रवेशोत्सव का शुभारंभ बड़ी धूमधाम से किया गया। स्कूल में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण वर्मा व बीआरसी विजय सचदेवा ने नए दाखिले के लिए विद्यार्थियों बधाई दी। प्रधानाचार्य वेद रोज ने अधिकारीगणों को स्कूल उपलब्धियां तथा गतिविधियों से अवगत कराया।

---

### एमएम कॉलेज में प्राथमिक सहायता एवं आपदा प्रबंधन शिविर आयोजित

# प्राथमिक चिकित्सा देकर बचा सकते हैं जिंदगी : दलबीर सिंह

कार्यक्रम का आयोजन यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर डॉ. मीनाक्षी कोहली की देखरेख में किया गया



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा बारे जानकारी देते डॉ. दलबीर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विद्यार्थियों को प्राथमिक सहायता एवं आपदा प्रबंधन बारे प्रशिक्षित करने को लेकर मनोहर मैमोरियल कॉलेज में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इंडियन रेडक्रास सोसायटी फतेहाबाद एवं राज्य सचिव सैंट जॉहन एम्बुलेंस (भारत) हरियाणा शाखा चण्डीगढ़ के निर्देशानुसार आयोजित एक दिवसीय प्राथमिक सहायता एवं आपदा प्रबंधन शिविर में मुख्य वक्ता के तौर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह व प्राथमिक चिकित्सा ट्रेनर संतोष सेवदा ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा व आपदा प्रबंधन को लेकर अनेक प्रकार की जानकारियां साझा की। कार्यक्रम का आयोजन यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर डॉ. मीनाक्षी कोहली की देखरेख में किया गया। कॉलेज की वाइस प्रिंसीपल डॉ. मीनाक्षी कोहली ने आए हुए अधिकारियों का स्वागत किया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह ने कहा कि हम सभी को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी होनी चाहिए क्योंकि दुर्घटना कहीं भी और कभी भी घटित हो सकती है। दुर्घटना के बाद के 45 मिनट का समय घायल व्यक्ति के जीवन की रक्षा के लिए विशेष होता है। इस दौरान यदि घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा मिल जाती है तो उसके जीने की संभावना बढ़ जाती है।

#### सावधानियों की दी जानकारी

प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी होने पर हम दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मदद कर सकते हैं। उन्होंने भूकंप, बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में भी जानकारी दी। संतोष सेवदा ने जीवनदायिनी विधि सीपीआर, हड्डियों के टूट के कारण व उनके उपचार, सांप काटने पर दी जाने वाली सहायता, स्ट्रोक के समय दी जाने वाली फस्ट एड, जानवरों के काटने पर दी जाने वाली सहायता, घायल व्यक्ति को ले जाने की विधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एक डमी के माध्यम से विभिन्न आपातकालीन उपचार तकनीकों का प्रदर्शन भी किया। उन्होंने माइग्रेन, दिल के दौरे और सडक़ दुर्घटना की चोटों जैसी स्थितियों के लिए आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा प्रक्रियाओं बारे विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के समापन पर यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर डॉ. मीनाक्षी कोहली ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

---

# लोक अदालत में चार कैदी रिहा

- मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने कैदियों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में केसों की सुनवाई करते न्यायाधीश।

जिला जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस जेल लोक अदालत में कुल 10 केस रखे गए, जिनमें चार केसों का निपटारा करते हुए चार कैदियों को रिहा कर दिया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हर माह दो बार जेल लोक अदालत लगाई जाती है, जिसमें छोटे केसों में लंबे समय से जेल में बंद कैदियों को रिहा किया जाता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने जेल का दौरा भी किया, कैदियों से बातचीत की व उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उन्होंने मुफ्त कानूनी सहायता योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा जेल में कानूनी जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में सहायक एलएडीसी देवेंद्र कौर ने कैदियों को कानूनी जानकारी दी। इस लोक अदालत में जेल अधीक्षक जसवंत सिंह व उप जेल अधीक्षक मोहन सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# गेहूं खरीद पर बोनस दे सरकार: लक्खा सिंह

- न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल पर हो रही खरीद
- अन्य राज्यों ने किसानों को बोनस देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राष्ट्रीय किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष लक्खा सिंह अलीकां ने हरियाणा सरकार से मांग की कि आगामी अप्रैल के पहले सप्ताह से शुरू होने वाली गेहूं की सरकारी खरीद में किसानों को अन्य राज्यों की तर्ज पर बोनस दिया जाए। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस वर्ष भी न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल रखा गया है, लेकिन राजस्थान, मध्यप्रदेश और कई अन्य राज्यों ने किसानों को बोनस देने की घोषणा कर दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हरियाणा सरकार गेहूं पर कम से कम 200 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस नहीं देती, तो सीमावर्ती जिलों के किसान अपनी फसल को अधिक लाभकारी दरों पर राजस्थान या अन्य राज्यों में बेच देंगे। इससे हरियाणा की मंडियों में गेहूं की आवक प्रभावित होगी, जिससे व्यापारियों और आढ़तियों को भी नुकसान होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि बाजार की मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए गेहूं पर बोनस दिया जाए, ताकि किसानों को उनका हक मिल सके और मंडियों में व्यापार सुचारु रूप से चलता रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

**सिरसा।** जिला न्यायालय परिसर में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम में केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 10 मई को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों के निपटारे के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसलों की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

---

# विद्यार्थियों ने किया फिश फार्म का शैक्षणिक भ्रमण

### मत्स्य पालन से जुड़े पहलुओं की जानकारी ली

- हरजिंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के बीएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्राणी शास्त्र विषय परिषद के बैनर तले विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक गोयल एवं प्रोफेसर रमेश सोनी के नेतृत्व में राजकीय फिश फॉर्म ओटू, रानियां का शैक्षणिक भ्रमण किया। यहां पर विद्यार्थियों ने मत्स्य पालन से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। राजकीय मत्स्य बीज फॉर्म के संचालक एवं संरक्षक रणजीत सिंह एवं रिंकू ने विद्यार्थियों को मत्स्य पालन के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के तालाब, उनके रखरखाव, मछलियों के खानपान और ब्रीडिंग से जुड़ी विभिन्न तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मछली एवं उनके बीजों को पकडऩे या इक_ा करने में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के जाल के बारे में भी जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरजिंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण के महत्व के बारे में बताया एवं भविष्य में भी इस प्रकार की समस्त गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों ने संपूर्ण भ्रमण एवं भ्रमण क्षेत्र का समुचित लाभ उठाया एवं अत्यंत आनंदित अनुभव प्राप्त किया।

---

*छात्राओं को सिलाई के कार्य अवश्य सीखने चाहिए*

# सिलाई उद्योग की आज भी प्रासंगिकता बरकरार: ग्रोवर

- सिलाई मशीन के प्रचलन, तकनीक उसके महत्व के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** कॉलेज में कार्यशाला के दौरान छात्राओं को सिलाई मशीन के प्रचलन व तकनीकी पहलुओं के बारे में बताते हुए। फोटो : हरिभूमि

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों के लिए सिलाई मशीन के प्रचलन, तकनीक उसके महत्व के संबंध में एक कार्यशाला लगाई। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि सिलाई मशीन सदियों से मनुष्य की बहुमूल्य साथी रही है, युग बदलें परंतु इनका महत्व कभी कम नहीं हुआ। आज भी सिलाई उद्योग जगत अपना महत्व व उपयोगिता को कायम रखें हुए है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भी विशेषकर छात्राओं को सिलाई के कार्य अवश्य सीखनें चाहिए। यह एक गुण हैं जो भविष्य में व्यवसाय भी बनाया जा सकता है। इस कार्यशाला में उषा मशीन के तकनीकी जानकार मुकेश ने विद्यार्थियों को मशीन के प्रचलन व तकनीकी पहलुओं व प्रशिक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला व मशीन के विभिन्न प्रकार के उद्देश्य, उपयोग पर चर्चा की और बताया कि किस प्रकार मशीन की सहायता से हम अनेकों कार्य कर सकते हैं।

---

# किसान गेहूं कटाई के समय बरतें सावधानी: एसडीओ

- ट्रांसफार्मर के चारों ओर कुछ क्षेत्र की कटाई कर लें किसान
- खेत में बनी हुई पानी की टंकी को भरकर रखें
- स्पार्किंग दिखाई देने पर तुरंत बिजलीघर में संपर्क करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

गेहूं की कटाई कढाई का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में नाथूसरी चौपटा बिजलीघर के एसडीओ विरेंद्र कंबोज ने किसानों से अपील की है कि अपने खेत में लगे ट्रांसफार्मर के चारों ओर कुछ क्षेत्र की कटाई कर लें तथा सुरक्षा के मद्देनजर ट्रांसफार्मर का जीओ स्विच बंद कर दें, ताकि किसी भी प्रकार की आगजनी की अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि यदि आपके खेत के आसपास से कोई बिजली की लाइन गुजर रही हो, तो विशेष सावधानी बरतें। कम्बाइन, हार्वेस्टिंग मशीन या ऊंचाई वाली ट्रॉली पर चढने से बचें और बिजली की लाइनों से उचित दूरी बनाए रखें, जिससे किसी भी अप्रिय दुर्घटना को रोका जा सके। सुरक्षा उपायों के तहत, कृपया खेत में बनी हुई पानी की टंकी को भरकर रखें, ताकि यदि किसी कारणवश आग लगती है तो तुरंत उसे बुझाया जा सके। इसके अतिरिक्त यदि आपको अपने आसपास किसी भी बिजली की लाइन या ट्रांसफार्मर पर स्पार्किंग दिखाई दे, तो बिना विलंब किए तुरंत निकटतम बिजलीघर से संपर्क करें और लाइन बंद करने का अनुरोध करें, जिससे किसी भी संभावित दुर्घटना से बचाव किया जा सके।

---

# 13 दिवसीय सीसीटीवी प्रशिक्षण शिविर संपन्न

- प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 13 दिवसीय सीसीटीवी कैमरा प्रशिक्षण शिविर वीरवार को संपन्न हो गया। शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को सीसीटीवी के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। निदेशक सुरेश कुमार गर्ग ने प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखे गए रोजगारपरक क्रियाकलापों से प्रशिक्षणार्थी कुछ भी सीखते हैं तो वे बाहर जाकर अपना स्वयं का रोजगार चला सकते हैं। गर्ग ने कहा कि कुशलता से स्वरोजगार करने के लिए बैंक द्वारा तय मानदंडों के अनुसार ऋण दिया जाता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार शुरू कर अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित किया।

#### किया प्रेरित

सुरेश कुमार गर्ग ने प्रोत्साहित करते हुए जीवन में सदा आगे बढने के लिए प्रेरित किया। ट्रेनर दलबीर सिंह व राकेश कुमार ने बताया कि इस शिविर में प्रशिक्षणार्थियों ने बैंक सखी का भी प्रशिक्षण लिया। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर बेहतर तरीके से अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नए सैशन में महिलाओं के लिए सिलाई व ब्यूटी पॉर्लर का बैच शुरू किया जाएगा।

---

# प्रकाशकों की लूट से अभिभावकों को बचाए सरकार: नवीन केडिया

- सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने प्रदेश सरकार से प्रदेश में स्कूली बच्चों के अभिभावकों को प्रकाशकों की लूट से बचाने का आग्रह किया है। साथ ही सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है ताकि बच्चे सरकारी स्कूलों में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। नवीन केडिया ने जारी बयान में कहा कि स्कूलों में प्रवेश आरंभ होने के साथ ही पुस्तकों के प्रकाशकों द्वारा भारी भरकम रेटों की पुस्तकें बाजार में उतार दी जाती हैं। हजारों रुपए कीमत की पुस्तकें छोटी कक्षाओं के बच्चों के लिए प्रकाशित की जाती हैं जिससे अभिभावकों की जेब बुरी तरह से प्रभावित होती है। केडिया ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पर्याप्त सुविधाएं न मिलने के कारण अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाने में रुचि दिखाते हैं।

#### अप्रैल निम्न वर्ग के लिए लाता आफत

अप्रैल का महीना निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए आफत लेकर आता है। इसी महीने में गेहूं की खरीद का समय होता है और इसी महीने में ही बच्चों के प्रवेश होते हैं। यह अभिभावकों के लिए परीक्षा का समय रहता है। सरकारी कर्मचारियों का आयकर भी इसी महीने में लगता है। केडिया ने सरकार से मांग की कि प्राइवेट पब्लिशर्स की मनमानी पर रोक लगाई जाए और सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों जैसी सुविधाएं बच्चों को मुहैया करवाई जाएं ताकि निजी स्कूलों का आकर्षण कम हो और बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें।

---

## बीके कृष्णा की पुण्य स्मृति पर कार्यक्रम का आयोजन




**सिरसा।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के सद्भावना भवन में बीके कृष्णा की 13वीं पुण्य स्मृति में सम्मान समारोह हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन शांति स्वरूप विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस दौरान नगर परिषद सदस्यों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर सद्भावना भवन की मुख्य संचालिका बीके प्रीति, नप सदस्य कविता, बीके सुभाष और ओमप्रकाश भी मौजूद थे। नप चेयरमैन शांति स्वरूप ने सद्भावना और समाज में नैतिक मूल्यों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा, विभिन्न वक्ताओं ने आध्यात्मिक विषयों पर प्रेरणादायक विचार सांझा किए।

---

**तैयारी** 26 अप्रैल को सिरसा में प्रवेश करेगी साइकिल यात्रा

*एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम' थीम पर आधारित है साइक्लोथॉन-2.0*

# समाज कल्याण अधिकारी ने नशा मुक्ति केंद्र संचालकों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। नशा मुक्ति केंद्र संचालकों के साथ बैठक करते जिला समाज कल्याण अधिकारी।

हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत राज्य को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में 'एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम' थीम पर आधारित साइक्लोथॉन-2.0 में जिले की व्यापक भागीदारी होगी। ड्रग फ्री हरियाणा संदेश के साथ यह यात्रा सिरसा में 26 अप्रैल को प्रवेश करते हुए जिलावासियों को नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश देगी। इस साइकिल यात्रा में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए वीरवार को जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों के साथ बैठक कर समुचित भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वहीं नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों ने भी इसमें पूर्ण योगदान का आश्वासन देते हुए नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान में शामिल होने की बात कही। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूक करने में नशा मुक्ति केंद्र संचालकों की भूमिका अहम है। इसलिए केंद्र संचालक साइक्लोथॉन में स्वयं भागीदार होने के साथ-साथ दूसरों को भी इस मुहिम से जुडऩे के लिए प्रेरित करें।

#### सहयोग जरूरी

जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी का सहयोग जरुरी है। ऐसे में नशा के खिलाफ ड्रग फ्री हरियाणा के संदेश के साथ निकाली जा रही साइक्लोथॉन में व्यापक जन भागीदारी होगी। बैठक में डा. पंकज शर्मा, अशोक गुप्ता, संदीप उप्पल, तुषार गोयल, मनोज कुमार शर्मा, मोहित, परमजीत सिंह, आकाश, प्रेरणा मलिक, जसविंद्र बागड़ी, प्रवीण कुमार, सुमन ज्याणी, किरण कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### भट्टूकलां में खेत से हजारों की तार चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने भट्टूकलां में एक खेत में घुसकर वहां से हजारों रुपये की तारें चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में भट्टूकलां निवासी महिला मगन कंवर ने कहा है कि उसक भट्टूकलां में कृषि भूमि है। उसने अपने खेत में 10 एचपी का सोलर कनैक्शन लिया हुआ है। शाम को वह खेत से घर आ गई थी। अगले दिन सुबह जब वह खेत में गई तो उसने देखा कि रात को अज्ञात चोर उसके खेत में घुसकर वहां से मोटर की 20 फुट तार व 5 प्लेट के तार भी चोरी कर ले गया है। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब चोरों बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### काजलहेड़ी में मकान से हजारों की नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** गांव काजलहेड़ी में चोरों ने एक मकान में घुसकर वहां से हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही बड़ोपल पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव काजलहेड़ी निवासी संतकुमार ने कहा है कि गत दिवस रात को वह खाना खाने के बाद परिवार के सदस्यों के साथ सो गया था। सुबह जब वह उठा तो उसने देखा कि कमरे में रखे उसके पर्स से 11 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन, उसके लडक़े संदीप की पेंट से 1500 रुपये, संदूक में रखे 5 हजार रुपये गायब थे। इस पर पहले उसने आसपास चोरों की तलाश की लेकिन जब चोरों बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने गेहूं चोरी के आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** भूना में गेहूं चोरी करने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान परमजीत उर्फ पम्मी पुत्र रामदिया निवासी वार्ड नं. 3 भूना के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 2 अप्रैल को वार्ड नं. 11 भूना निवासी मनोज कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके मकान के साथ उसका खाली प्लाट है। उसने प्लाट में गेहूं का ड्रम रखा हुआ है। कई दिनों से अज्ञात चोर वहां रखे ड्रम से गेहूं चोरी कर ले जा रहा था। जब उसने ड्रम को चैक किया तो पाया कि ड्रम में से करीब 2 क्विंटल गेहूं गायब थी। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### रतिया क्षेत्र से युवती सहित दो लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले के रतिया क्षेत्र से एक युवती सहित दो लोगों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बादलगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 19 साल की लडक़ी गत दिवस सुबह घर से किसी काम से रतिया जाने की बात कहकर गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। दूसरे मामले में सदर रतिया पुलिस ने गांव बोड़ा निवासी एक युवक की शिकायत पर उसकी माता के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### हथियार सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने नाजायज हथियार सहित गिरफ्तार युवक से पूछताछ के आधार पर उसे हथियार सप्लाई करने के आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान लखविन्द्र सिंह लक्खा पुत्र शंकर सिंह निवासी गांव खानपुर गढ़ी जिला मेरठ, यूपी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 26 नवंबर 2024 को शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।

---

## खरीद को लेकर उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

# गेहूं में 12% से अधिक नमी न हो, 72 घंटे में राशि का भुगतान करें : डीसी

डियों व खरीद केंद्रों में पीने के पानी, बिजली की व्यवस्था आदि को तुरंत ठीक करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर ने लघु सचिवालय के सभागार में रबी सीजन 2025-26 के प्रबंधों की समीक्षा के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों व खरीद केंद्रों में जिला के किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समय रहते सभी समूचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने कहा कि जिला की सभी 51 मंडियों व खरीद केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। गेहूं उठान का कार्य तय समय सीमा में किया जाए। खरीद कार्य में कोताही बरतने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**फतेहाबाद।** रबी सीजन में गेहूं खरीद कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करती उपायुक्त मनदीप कौर।

उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा, जोकि 2425 रुपये है। मंडियों व खरीद केंद्रों में पीने के पानी, बिजली की व्यवस्था, साफ सफाई, शौचालयों, सीसीटीवी कैमरे, पंखा, पॉलिथीन, गेट पास, तिरपालों आदि की समूचित व्यवस्था को स्वयं जाकर देखे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्थान पर नमी मापक मीटर पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए और सभी कैलिब्रेटेड होना चाहिए। सभी खरीद एजेंसियां प्रतिदिन खरीद व उठान की रिपोर्ट जमा करवाना सुनिश्चित करने के साथ समय पर मुख्यालय से मिलने वाले निर्देशों से स्वयं को अपडेट रखे।

#### गेहूं का उठान समयबद्ध किया जाए

डीसी ने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों के साथ लगती सभी सडक़ों को दुरूस्त करवाया जाए, ताकि किसानों को आवागमन में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आए। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस अधिकारियों से तालमेल बनाकर रखे ताकि कहीं पर भी जाम जैसी स्थिति पैदा न हो। सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व एजेंसी यह सुनिश्चित करें कि खरीद होने के बाद गेहूं का उठान समयबद्ध किया जाए। इसके साथ ही किसानों को फसल बेचने के 72 घंटे में उनकी राशि की अदायगी हो। गेहूं की फसल में 12 प्रतिशत से अधिक नमी नहीं होनी चाहिए। इसलिए किसान अपनी फसल को सुखाकर मंडी लेकर आएं। इसके साथ ही किसान अपने साथ आधार कार्ड व मोबाइल जिस पर ओटीपी आए, को भी साथ लेकर आए ताकि फसल बेचने में उन्हें कोई परेशानी न आए।

#### ट्रांसपोर्टरों से समय रहते उनकी गाडियां मंडियों में लगवाए

*उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी तालमेल बनाकर व टीम वर्क की भावना से कार्य करें ताकि गेहूं खरीद कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करवाया जा सके और किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को जागरूक करें कि वे अपनी फसल को सूखाकर ही मंडियों में लाए ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे हर रोज मंडियों में सुबह 9 बजे से बोली करवाना सुनिश्चित करें। ट्रांसपोर्टरों से समय रहते उनकी गाडियां मंडियों में लगवाए ताकि खरीदी गई गेहूं का उठान समय पर हो सके। बैठक में सीटीएम गौरव गुप्ता, डीआरओ श्याम लाल, डीएफएससी विनीत जैन, डीएमईओ हीरा लाल, डीएम हैफेड राजेश हुड्डा, डीएम एफसीआई सौरभ, डीएम एसएसडब्ल्यूसी सुमित कुमार सहित संबंधित मार्किट कमेटी के सचिव व खरीए एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।*

---

# उधार वापस मांगने पर कैंसर पीड़ित पर हमला

- 84 वर्षीय रिटायर्ड अध्यापक रामस्वरूप मावलिया पर दो युवकों ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना



**भूना।** हमले में घायल बुजुर्ग।

जिले के भूना क्षेत्र के गांव ढाणी डूल्ट गांव में 84 वर्षीय रिटायर्ड अध्यापक रामस्वरूप मावलिया पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला किया गया। वह कैंसर से पीड़ित हैं। इलाज के चलते उनकी आवाज चली गई। इसलिए हमले के वक्त शोर नहीं मचा सके। गंभीर रूप से घायल रामस्वरूप मावलिया पीडब्ल्यूडी एंड बीएंडआर विभाग रोहतक में अधीक्षक अभियंता सुखबीर मावलिया के पिता हैं। पुलिस ने इस मामले में दो नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

#### केस दर्ज

हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम बनाई गई है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मि_ के खेतिहर मजदूर टहना, अशोक के खेतिहर मजदूर विजय कुमार और दो अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भूथनकलां निवासी कृष्ण ने कहा है कि उसके मामा रामस्वरूप निवासी ढाणी डूल्ट रिटायर अध्यापक है और उनकी उम्र करी ब84 साल है। उसके मामा का लडक़ा रोहतक में रहता है। कृष्ण ने कहा कि उसके मामा को 15 साल पहले गले में कैंसर होने के कारण ऑप्रेशन हुआ था जिस कारण उनकी आवाज चली गई थी और वह बोल नहीं सकते। रामस्वरूप ढाणी डूल्ट में अकेले रहते हैं। गत दिवस उन्हें ढाणी डूल्ट के जगदीश ने फोन कर सूचना दी कि उसके मामा के सिर में गंभीर चोटें लगी हुई है। सूचना मिलते ही वह गांव ढाणी डूल्ट पहुंचा और अपने मामा को उपचार के लिए भूना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां से चिकित्सकों ने उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कृष्ण ने बताया कि उसके मामा ने लिखकर उसे बताया कि ढाणी डूल्ट निवासी मिट्ठू का सीरी टहणा व अशोक का सीरी उससे 20 हजार रुपये उधार लेकर गए थे। अब वह और रुपये मांग रहे है। अब उसने रुपये देने से मना कर दिया था। इसके बाद रात को जब वह घर पर था तो टहणा व अशोक का सीरी दोनों हाथ में डंडे लेकर उसके घर आए और उस पर हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में भूना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# जिले में अलग-अलग जगह से चार बाइक व एक स्कूटी चोरी

- पुलिस ने केस दर्ज कर मामलों की जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार जारी है। गत दिवस भी चोरों ने जिले से चार मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा चोरी कर ली। इस बारे सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पीलीमंदौरी निवासी विक्रम कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से भट्टूकलां आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को बस स्टैण्ड परिसर में बनी पार्किंग में खड़ा किया और बस में सवार होकर चला गया। शाम को जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नलहीं चला तो उसन पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने गांव भोडिय़ाखेड़ा निवासी राजकुमार की शिकायत पर फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है। तीसरे मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव हांसपुर निवासी रामकुमार की शिकायत पर गांव के फतेहाबाद रोड से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है। एक अन्य मामले में शहर टोहाना पुलिस ने वार्ड नं. 10, जगन्नाथ पेट्रोल पम्प के सामने, चण्डीगढ़ रोड टोहाना निवासी पंकज की शिकायत पर संतोख कालोनी से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है। टोहाना पुलिस ने बस स्टैण्ड के पास रहने वाले हैप्पी की शिकायत पर चण्डीगढ़ रोड स्थित कल्पना चावला पार्क के बाहर से उसकी एक्टिवा स्कूटी चोरी होने बाबत केस दर्ज किया है।

---

# सुखी रहना है तो जीवन में संतोषी बने

- एसएस जैन सभा, ठाकर बस्ती में जैन महासाध्वी ने दिए प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** कार्यक्रम में भाग लेते जैन श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

अगर व्यक्ति सुखी जीवन व्यतीत करना चाहता है तो वह अपने जीवन में संतोष को बढ़ायें और लोभ का विसर्जन करें। परोपकारी बनें और दूसरों का भला करें।

आत्मा की परमात्मा है। यह प्रवचन एसएस जैन सभा, ठाकर बस्ती फतेहाबाद में विराजमान महासाध्वी श्री सुरक्षा जी म. ठाणे-3 व महासाध्वी श्री शिवप्रज्ञा जी म. ठाणे-4 ने किए। जैन स्थानक में आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में जैन श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जैन महासाध्वी ने 4 अप्रैल को गुरू सुदर्शन जन्म जयंती मनाने के लिए भी प्रेररणा दी। उन्होंने कहा कि जैन धर्म की शिक्षा देना आज की युवा पीढ़ी और छोटे बच्चों को अनिवार्य हो गया है।

इससे उनमें त्याग, तपस्या और संस्कारी होने की भावना आती है। उन्होंने कहा कि सही शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार हो तो जीवन का चहुमुंखी विकास संभव है। गुरु सेवक परिवार फतेहाबाद के जिला प्रधान मुकेश प्रजापति ने बताया कि 4 अप्रैल को गुरू सुदर्शन जन्म जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर गुरूसेवक परिवार की तरफ से सुबह प्रवचन के बाद प्रसाद बांटा जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से गुरुओं के प्रवचन युपपे और अपना जीवन को धन्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि गुरूओं के दर्शन मात्र से ही सारे दुख संकट कट जाते हैं।

---

# वैदिक यज्ञ के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

- पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शिक्षकों ने डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

वार्षिक परीक्षा परिणाम के बाद पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज वैदिक यज्ञ के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 का शुभारम्भ हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियाँ डाली। तदुपरांत विद्यालय प्राचार्य अरुण शर्मा ने सम्बोधित करते हुए विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी और विद्यालय की अत्याधुनिक कार्यप्रणाली एवं नियमावली से अवगत करवाते हुए विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही और प्रतिदिन विद्यालय आने एवं अपनी सत्य सनातन वैदिक संस्कृति से प्रेरणा लेकर अपने माता-पिता के साथ सभी बड़े-बुजुर्गों एवं अपनी संस्कृति का सम्मान करने व समय पर अपना गृहकार्य करने के साथ-साथ गुडमॉर्निंग के स्थान पर जयहिंद बोलने की अपील की। इस नए शैक्षणिक-सत्र के शुभारंभ को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आया। सभी विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिकाएं अपनी-अपनी नई कक्षाओं में काफी प्रसन्न दिखे।



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में हवन में विद्यार्थियों संग भाग लेते प्राचार्य अरूण शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

---

# शिक्षकों को हटाने पर जताया विरोध

- कौशल रोजगार निगम में लगे अध्यापकों को हटाने का अध्यापक संघ ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लगे अध्यापकों को हटाने का हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने पुरजोर विरोध किया है। संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, जिला सचिव देसराज माचरा, जिला वरिष्ठ उपप्रधान डॉ. नीतू डूडेजा व राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद ने संयुक्त ब्यान जारी करके कहा कि हरियाणा सरकार की दोगली नीति सामने आ रही है।

वोट लेने के लिए एचकेआरएन के अंतर्गत स्कूलों में अध्यापक लगाए गए थे। अब राशनलाइजेशन के नाम पर विभिन्न स्कूलों से अध्यापकों को तुरंत प्रभाव से रिलीव कर दिया है। अध्यापक नेताओं ने कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री शेखी बघार रहे थे कि एचकेआरएन में लगे सभी कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा दे दी गई है लेकिन आज कई स्कूलों में अध्यापकों को रिलीव करने के बाद पता चला कि सरकार दोगली बात कर रही है।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ इस तरह से गुपचुप तरीके से हटाए गए अध्यापकों के साथ है और उनको हटाने का पुरजोर विरोध करता है। अगर जरूरत पड़ी तो अध्यापक संघ जोरदार आंदोलन करेगा ताकि उन अध्यापकों को मिले रोजगार की सुरक्षा कर सके। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से नव शैक्षणिक वर्ष शुरू हो गया है लेकिन सरकार ने पाठ्य पुस्तकें नहीं भेजी हैं और यह भी नहीं कहा जा सकता कि कब तक पाठ्य पुस्तकें भेजी जाएंगी। यह तो भला हो अध्यापकों का जिन्होंने अपने स्तर पर जो बच्चे अगली क्लास में चले गए उनकी किताबों को सुरक्षित रखा और बच्चों को उपलब्ध करवाया। सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए उसकी तरफ ध्यान नहीं है लेकिन कच्चे कर्मचारियों को जब मर्जी निकालने की कार्रवाई करने की तरफ रहता है। इससे सिद्ध होता है कि भाजपा केवल चुनाव पर ही अपना ध्यान केंद्रित करती है न कि लोगों की जरूरत पर।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में अध्यापक पूरे नहीं होंगे तो लोग अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में किस लिए करवाएंगे। दूसरी तरफ सरकार बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला करवाने के लिए ढोल पीट रही है। अगर सरकार सरकारी स्कूलों में मूलभूत आवश्यकताएं पूरी कर देती हैं तो बच्चों की संख्या अवश्य बढ़ेगी।

---

# महिला की शिकायत पर परिजनों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में महिला की शिकायत के 2 महीने बाद पति सहित 3 ससुरालजनों पर केस दर्ज किया गया है। महिला ने पति पर मारपीट करने और मायके से बाइक नहीं मिलने पर पैसे देने की मांग करने का आरोप लगाया।

महिला ने 27 जनवरी को शिकायत दी थी। जिस पर पुलिस ने अब विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अयाल्की की रहने वाली किरण ने बताया कि 6 साल पहले उसकी शादी राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले गांव महराणा में मनीष और उसकी बहन ज्योति की शादी मनीष के भाई मनजीत के साथ हुई थी। मनजीत व मनीष नशा करते हैं और कोई काम भी नहीं करते हैं। साथ ही उन्हें मारपीट करते हैं। मनीष उनसे बाइक की मांग करता है। कहता है कि बाइक नहीं देनी तो पैसे दे दो। किरण का आरोप है कि उसकी सास माया देवी पति को कहती है कि इनको छोड़ दो, दूसरी शादी करा लो। किरण के अनुसार, उसका एक बेटा दिव्यांग हैं, जिसे मनीष दवाई भी नहीं दिलवाता है। वहीं, ज्योति के एक बेटा व एक बेटी है।

---

## ढाबी में विशेषज्ञों ने किसानों को दी महत्वपूर्ण जानकारियां

# सरसों कटाई दिवस पर किसानों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

भट्टू क्षेत्र के गांव ढाबी कलां में कॉर्टेवा एग्रीसाइंस कम्पनी द्वारा किसान प्रदीप के खेत में 45एस46 सरसों कटाई दिवस मनाया गया है। कार्यक्रम में पहुंचे कंपनी के जिला क्षेत्रीय अधिकारी विक्रांत प्रताप सिंह एवं फील्ड कर्मचारी राकेश ने सही बीज के चुनाव के साथ बेहतर जानकारी से कैसे सरसों में उत्पादन अच्छा लिया जा सकता है, के बारे में विस्तार से किसानों को जानकारी दी। सभा में किसानों को हाइब्रिड 45एस46 सरसों बीज एवं घर का अनुपचारित बीच में अंतर को वजन के माध्यम से दिखाया। इसमें हाइब्रिड 45एस46 में लगभग डेढ़ क्विंटल ज़्यादा पैदावार दिखी, जिससे किसानों कोलगभग प्रति एकड़ 10 हजार रुपये से ज्यादा का मुनाफा हो सकता है। साथ ही सभा में आए प्रदीप, मुकेश, जयप्रकाश, महेन्द्र, सुभाष, विकास ने कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहना की और अगले वर्ष अपनी सरसों की खेती में हाइब्रिड सरसों बीज 45एस46 बिजाई करने का वायदा किया। इस मौके पर विशेषज्ञ मौजूद रहे।



**भट्टूकलां।** गांव ढाबी कलां में आयोजित सरसों कटाई दिवस सभा में भाग लेते किसान।

#### मरगोजा रहित सरसों बीज के बारे में बताया

इस अवसर पर किसानों ने कंपनी के मरगोजा रहित सरसों बीज के बारे में भी चल रही परीक्षण के बारे में भी बात की। फील्ड स्टाफ राकेश द्वारा 5 चिन्हित किसानों को कंपनी के मरगोजा रहित सरसों बीज के ट्रायल पर विजिट भी कराया गया, जहां पर किसानों ने साफ तौर पर कंपनी के बीज का परिणाम देखा और पाया कि यहां सरसों अच्छी खड़ी थी और मरगोजा बिल्कुल भी दिखायी नहीं दिया। किसानों ने इस नई तकनीक वाले बीज को अगले साल बिजाई करने की भी इच्छा जाहिर की। कम्पनी के अधिकारियों ने आए हुए किसानों का धन्यवाद किया।